### 800 अधिकारियों और कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी, सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगे

# मैहर में आज से नवरात्रि मेला, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

सतना/मैहर।

मध्य प्रदेश के मैहर में स्थित विश्व प्रसिद्ध देवी धाम मां शारदा देवी मंदिर में आज से शारदीय नवरात्रि मेला शुरू हो गया है। इस वर्ष 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं के माता के दर्शन के लिए पहुंचने की उम्मीद है,जिसके लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। मेले की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए 800 कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है,जिनमें पुलिस और राजस्व अधिकारी शामिल हैं।

मेला क्षेत्र को पांच ज़ोन में विभाजित कर 91 स्थानों पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। यातायात की सुचारू व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बस स्टैंड पर बसों और ट्रैक्टरों के लिए,फॉरेस्ट बैरियर पर कारों के लिए और बांदा बैरियर पर वीआईपी वाहनों और ऑटो के लिए पार्किंग की व्यवस्था है।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनधा बैरियर से रोपवे तक 30 से 40 ई-रिक्शा उपलब्ध रहेंगे,जिससे चलने में असमर्थ लोगों को काफी मदद मिलेगी। मेले की निगरानी के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं,जिनकी फुटेज पर कंट्रोल रूम से लगातार नज़र रखी जाएगी। इसके अलावा,एक व्हिसिल टीम भी बनाई गई है जो सीटी बजाकर लोगों को सतर्क करेगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए दो खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक केंद्र पहाड़ के नीचे और दूसरा मंदिर परिसर में है। रेलवे ने भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।जबलपुर के डीआरएम ने मैहर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर तीन अतिरिक्त जनरल टिकट काउंटर,दो मोबाइल टिकट मशीनें और छह अतिरिक्त सी सी टीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं,ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।



### प्रशिक्षु डीएसपी ने मैहर मेला प्रबंधन का लिया जायज़ा

मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी,भौंरी भोपाल के 44वें उप-पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बैच के 10 प्रशिक्षु डीएसपी ने मैहर का दौरा किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट की और नवरात्रि मेले के दौरान पुलिस की भूमिका और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। एसपी मैहर ने उन्हें माँ शारदा मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बताया,जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) डॉ.चंचल नागर ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से मेले के विभिन्न क्षेत्रों और भीड़ प्रबंधन की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। यह दौरा मध्य प्रदेश दर्शन योजना का हिस्सा है,जिसके तहत प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य के विभिन्न जिलों की पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को समझने का अवसर मिलता है।

## खबर संक्षेप

### विश्व हिंदू महासंघ के नए अध्यक्ष बने योगेश, महामंत्री का पद पाण्डेय को मिला

**सतना।** विश्व हिंदू महासंघ की मासिक बैठक के दौरान समाजसेवी योगेश शर्मा को सर्वसम्मति से सतना जिले का अध्यक्ष चुना गया। लिटिल फ्लावर स्कूल के संचालक सिद्धार्थ पाण्डेय को महामंत्री नियुक्त किया गया। संगठन का मुख्य उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक जागरूकता,गौ रक्षा,धर्मांतरण का विरोध और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है।

### मैहर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, जंगली सूअर के शिकार में दो आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** मैहर वन विभाग ने शुक्रवार को अवैध वन्यजीव शिकार के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि मानपुर गाँव में जंगली सूअर का शिकार कर उसका मांस बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर,वन विभाग की टीम ने छापा मारकर मौके से जंगली सूअर का मांस,चमड़ा और शिकार के औजार जब्त किए। टीम ने आरोपी शोभी साकेत और फ़इया पाल को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। दोनों आरोपियों को 20 सितंबर,2025 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### सांदीपनि विद्यालय ने जीता इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

**मैहर।** जिला क्रिकेट संघ मैहर द्वारा आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब सांदीपनि विद्यालय मैहर ने जीत लिया है। रविवार को मैहर खेल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में सांदीपनि विद्यालय ने सिमरन पब्लिक स्कूल को 2 विकेट से हराया। सांदीपनि ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और सिमरन पब्लिक स्कूल को 25ओवरों में 125 रनों पर रोक दिया। जवाब में, सांदीपनि विद्यालय ने 18.5 ओवरों में 8 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। सांदीपनि के प्रिंस पटेल ने 46 गेंदों पर 58 रनों की आक्रामक पारी खेली। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए सिमरन पब्लिक स्कूल के अरुणोदय सिंह को 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। विजेता और उपविजेता टीमों को मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और जिला क्रिकेट संघ के सचिव अमित मिश्रा ने ट्रॉफी प्रदान की। विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल के महत्व पर जोर दिया और सभी खेलों की टीमों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

### जिले में अब तक 1060.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 20 सितम्बर तक कुल 1060.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1424.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1062.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### अनुविभागीय कार्यालय में की जाएगी तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकतांत्रित समाजवादी पार्टी के द्वारा 27 सितंबर को अनुविभागीय कार्यालय में की जायेगी तालाबंदी की जाएगी। भूमियो में कब्जा किये जाने एवं आम एवं शासकीय रास्ता रोकने का अपराध दर्ज न करने के विरोध में लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में ताला बन्दी की जायेगी। विगत 2 एवं 8 सितंबर को आन्दोलन /प्रदर्शन, ज्ञापन के बावजूद प्रशासन के द्वारा उचित कार्रवाई न करने के कारण लोसपा को ताला बन्दी हेतु विवश होना पड़ रहा है। ज्ञात हो की ग्राम अमाडी तहसील बडवारा प. ह. नं.13,एवं प.ह.न.14 ग्राम बनहरा ख.नं.1,2,4, 6, एवं 9 वाणी नार्ला व अमाडी करीब 20 एकड़ शासकीय भूमि कोटवारी भूमि छोटे झाड़ का जंगल आदि भूमि जिनकी की कीमत करोड़ों रुपए होगी जिस पर लोगों के द्वारा कब्जा किया जाकर शासन को क्षति पहुंचाई जा रही है ख.नं .441, 389, 390,446 442 443 445 449,438 कोटवारी भूमि 629 शंकर दाहिया वगैरह की भूमि 382 एवं उपरोक्त का निवास घर जिसे भूत बग्ला कहते हैं में लगभग 3 एकड़ भूमि कब्जे में की हुई है।

## 48 लाख की नाली की दीवार लात मारते ही टूटी, महापौर ने लगाई ठेकेदार-इंजीनियर को फटकार



**सतना।** नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार ने वार्ड क्रमांक 14,हनुमान नगर नई बस्ती में चल रहे 48 लाख रुपये की नाली निर्माण का निरीक्षण किया। स्थानीय निवासियों की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए,उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता की जाँच की। जाँच के दौरान,महापौर ने पाया कि नाली में नीचे का बेस नहीं बनाया गया था और सिर्फ ऊपर से पटिया लगाकर काम पूरा दिखाया जा रहा था। जब उन्होंने नाली की दीवार पर लात मारी,तो वह तुरंत ढह गई। निर्माण कार्य की इस घटिया गुणवत्ता से वे बेहद नाराज़ हुए। यह काम नगर निगम के इंजीनियर हेमराज सिंह की देखरेख में ठेकेदार प्रशांत शुक्ला द्वारा किया जा रहा था। महापौर ने तुरंत दोनों को फोन पर जमकर फटकार लगाई और उन्हें अब तक किया गया सारा निर्माण गिराकर नए सिरे से काम शुरू करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान,वार्ड के पार्षद तिलक राज सोनी भी मौजूद थे। इस घटना ने लोगों के बीच पहले से मौजूद आक्रोश को और बढ़ा दिया। यह घटना सार्वजनिक कार्यों में भ्रष्टाचार और लापरवाही का एक गंभीर उदाहरण है, जिस पर तत्काल और कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

### मैहर में हुआ संभागीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

**मैहर।** शासकीय संगीत महाविद्यालय,मैहर में 20 सितंबर को संभागीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर वर्ग के कुल 49 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में कृति मिश्रा ने प्रथम,शांभवी श्रीवास्तव ने द्वितीय और प्रत्यूष द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में देवांस मिश्रा ने पहला,आयुष मिश्रा ने दूसरा और अभीरुद्र तिवारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में सुप्रसिद्ध गायक सज्जन लाल भट्ट,भारती विश्वनाथन और विनीता धुर्वे शामिल थे। प्रतियोगिता का सफल संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य भारती सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में हुआ।

## एकेएस विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता रैली एवं सफाई अभियान



**सतना।** उच्च शिक्षा विभाग,मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित वृहत सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 21 सितंबर 2025 को एकेएस विश्वविद्यालय, सतना में व्यापक स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना,विश्वविद्यालय छात्र दल,राष्ट्रीय छात्र दल एवं कृषि संकाय के संयुक्त तत्वावधान तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी),राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस),विश्वविद्यालय कैडेट कोर(यूसीसी) एवं कृषि रावे कार्यक्रम से जुड़े दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। शुभारंभ अवसर पर डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी ने महात्मा गांधी के स्वच्छता संदेश को जीवन में अपनाने पर बल दिया तथा युवाओं को नशामुक्त समाज निर्माण की प्रेरणा दी। उप अधिष्ठाता छात्र कल्याण संतोष सोनी ने विद्यार्थियों को अधिकतम सहभागिता हेतु उत्साहित किया एवं सेवा पखवाड़े के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर,मां अन्नपूर्णा भोजनालय एवं शेरगंज ग्राम में सफाई अभियान चलाया तथा रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.दीपक मिश्रा (कार्यक्रम समन्वयक,राष्ट्रीय सेवा योजना), लेफ्टिनेंट डॉ.दशरथ पाटीदार (राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिकारी),अयोध्या पांडे (कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना),सुश्री गरिमा सिंह (कार्यक्रम अधिकारी,राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं कप्तान श्रवण कुमार (प्रशिक्षण अधिकारी,विश्वविद्यालय कैडेट कोर) का सराहनीय योगदान रहा। अंत में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अल्पाहार वितरित किया गया।

## मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**सतना।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक आज सतना के सर्किट हाउस में जिला अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संघ का स्थापना दिवस 6 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसके साथ ही,संघ के कार्यालय के लिए उपयुक्त स्थान पर भी चर्चा हुई। संगठन को तहसील और विकासखंड स्तर तक मजबूत करने के उपायों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया।इस बैठक में भारतीय मजदूरसंघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह,प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं संरक्षक राजेंद्र उपाध्याय,कोषाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता,वरिष्ठ पदाधिकारी उर्मिला मिश्रा,मजदूर संघ के विधि सलाहकार पद्मधर द्विवेदी,प्रदेश संयोजक (शिक्षा विभाग) सीएल सिंह,उपाध्यक्ष जैनेंद्र गौतम,रामलखन वर्मा,दयाराम वर्मा,नागौद ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा,तहसील सचिव पारितोष चौबे,अजय त्रिपाठी,रामपुर बघेलान ब्लॉक अध्यक्ष रामबली सिंह, हेम राज सिंह,प्रियवत सिंह,शशिलता धुर्वे,और दिनेश त्रिपाठी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संघ के सचिव वीरेंद्र सिंह ने किया,और अंत में कोषाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## नागौद पुलिस ने पशु क्रूरता के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

सतना।

नागौद पुलिस को पशु क्रूरतापूर्वक परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत, नागौद थाना प्रभारी निरी.अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।20 सितंबर को पुलिस गश्त के दौरान,एक पिकअप वाहन (UP90 AT 7714) को रोका गया। जांच करने पर पाया गया कि वाहन में क्रूरता पूर्वक 01 पड़िया और 06 पड़वा (कुल 7 पशु) भरे हुए थे। पशु एक-दूसरे पर सटे हुए थे और उनके बैठने की पर्याप्त जगह नहीं थी। पुलिस ने वाहन चालक राजबहादुर लोधी उम्र 39 वर्ष, निवासी बांदा और उसके हेल्पर अली मोहम्मद उम्र 30 वर्ष,निवासी बांदा से पशुओं के संबंध में दस्तावेज मांगे,जो वे प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और वाहन सहित सभी पशुओं को जब्त कर लिया,जिनकी कुल कीमत लगभग 2,50,000 रुपये है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और म.प्र.कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा,ज्ञापन सौंपने के बाद भी कार्रवाई नहीं

**सतना।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक हाल ही में कृषि उपज मंडी उचेहरा में संपन्न हुई,जिसमें किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। इस बैठक में मुख्य अतिथि कृष्णपाल सिंह और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। किसानों ने विशेष रूप से खाद-बीज की कालाबाजारी,बिजली की अनियमित आपूर्ति,आवारा पशुओं से खेती को हो रहे नुकसान और राशन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी दिक्कतों को उठाया। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने बताया कि इन समस्याओं के संबंध में पहले भी उचेहरा के एसडीएम और सतना के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था,लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों को भी इस बारे में अवगत कराया है। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए त्रिभुवन सिंह परिहार को ब्लॉक संगठन की जिम्मेदारी,गुलाब बाई चौधरी को पिपरी की महिला अध्यक्ष और मुन्नी बाई कोल को भरहुत की अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा,कृष्ण पाल सिंह को ब्लॉक सहायक सचिव का पद सौंपा गया। बैठक में बड़ी संख्या में किसान और यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मैहर रेलवे स्टेशन पर 15 जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

**मैहर।** नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। 22 सितंबर से 6 अक्टूबर 2025 तक,पश्चिम मध्य रेलवे मंडल की 15 जोड़ी प्रमुख लंबी दूरी की ट्रेनों का मैहर रेलवे स्टेशन पर 5 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया गया है। यह फैसला माँ शारदा देवी के दर्शन के लिए मैहर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस ठहराव से यात्रियों को सीधे मैहर स्टेशन पर उतरने में आसानी होगी,जिससे उनका समय और किराया दोनों बचेगा। स्थानीय प्रशासन ने भी मेले की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए साफ-सफाई,अतिक्रमण हटाना और सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## नवरात्र मेले में व्हीआईपी दर्शन व्यवस्था रहेगी प्रतिबंधित

**सतना।** मैहर में मां शारदा देवी का आगामी नवरात्रि मेला 22 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहा है।नवरात्रि मेला में देश के कोने-कोने से प्रतिदिन श्रद्धालु लाखों की संख्या में मैहर आते हैं। प्रशासक मां शारदा देवी प्रबंध समिति की प्रशासक एसडीएम मैहर दिव्या पटेल ने श्रद्धालुओं के सुविधा व्यवस्था के दृष्टिगत मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार नवरात्रि मेला में मंदिर गर्भगृह के अंदर व्हीआईपी दर्शन व्यवस्था का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### नवरात्रि के दौरान मैहर में मांस,मछली,अंडे के क्रय-विक्रय पर रोक

शारदेय नवरात्रि के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध स्थल मैहर में मां शारदा नवरात्रि मेला संचालित रहेगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दिव्या पटेल ने बताया कि मैहर मध्यप्रदेश शासन पर्यटन विभाग द्वारा धार्मिक नगरी घोषित है तथा मां शारदा देवी के दर्शनार्थी देश के कोने-कोने से श्रद्धा भाव से ओत-प्रोत श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में मैहर आते हैं।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने आदेश जारी कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163के अंतर्गत सम्पूर्ण नगरपालिका क्षेत्र मैहर में 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक की मध्य रात्रि तक मांस-मछली एवं अण्डा का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।इस आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्ड के भागी रहेंगे।

## रंग प्रयोग राष्ट्रीय नाट्य समारोह में मंचित होगा 'फितरती चोर'

**सतना।** संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार के सहयोग से रंग प्रयोग,सागर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह में लोकरंग समिति,सतना का नाटक फितरती चोर मंचित किया जाएगा। यह नाटक राजस्थानी लोक कथा पर आधारित है,जिसे प्रख्यात लेखक विजय दान देथा ने लिखा है। इस नाटक का नाट्य आलेख और निर्देशन सविता दाहिया ने किया है। इसमें मुख्य भूमिकाओं में द्वारिका दाहिया,राम बहादुर,सुभाने दहायत,इश्ताक खान,अखिलेश,अमन चौधरी,अनामिका दाहिया,संध्या कुशवाहा,देवेश,अनन्या तिवारी,दिव्यांश दाहिया,मनीष कुशवाहा,शिवांश,आशुतोष चौधरी,देवेश दहायत और आकाश तिवारी जैसे कलाकार शामिल हैं।लोकरंग समिति ने सभी रंगकर्मियों,साहित्य कारों और कला प्रेमियों को 22 सितंबर को शाम 7:00 बजे रवींद्र भवन,सागर में होने वाले इस नाट्य मंचन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यह आयोजन स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और लोक कथाओं को एक नए मंच पर प्रस्तुत करने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों दिए निर्देश, कहा- नागरिकों को न हो कोई परेशानी

# शहर का भ्रमण कर कलेक्टर व एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सोमवार से प्रारंभ हो रहे नवरात्र पर्व एवं विजयादशमी पर्व के दौरान कानून एवं शांति, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां दुरूस्त करने की कवायद की जा रही है। शनिवार को कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रमुख पूजा पंडाल स्थलों, रावण दहन स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान



कलेक्टर आशीष तिवारी ने खस्ताहाल रोड देखकर संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि जहाँ-जहाँ सड़कें खराब हैं उनकी शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि यातायात व पैदल आवाजाही सुचारु रहे। बिजली व्यवस्था बिजली विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी स्थानों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए तथा जहाँ-जहाँ तार नीचे लटक रहे हैं उन्हें तत्काल ऊँचा किया जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने थाना प्रभारियों की बैठक में निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी व सघन गश्त की जाए। ट्रैफिक एवं पार्किंग व्यवस्था बेहतर की जाए और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और रावण दहन कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी/ड्रोन सर्विलांस सुनिश्चित किया जाए। भीड़ नियंत्रण और महिला-शिशु सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधा नगर निगम द्वारा स्वच्छता, पेयजल एवं प्राथमिक उपचार/ एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

## नवरात्र में मांस विक्रय बंद रखने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्र का आगाज सोमवार 22 सितंबर से हो रहा है। आदिशक्ति जगत जननी के 9 दिनों की आराधना के पर्व पर जिले में मांस की बिक्री न हो इसके लिए विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई। स्लीमनाबाद में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा स्लीमनाबाद थाना पहुंचकर तहसीलदार थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन को ज्ञापन सौंपकर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौ दिनों तक मांस की दुकानें बंद रखी जाने की मांग की क्योंकि इस त्यौहार के दौरान मांस -मछली के विक्रय से हिन्दू धर्म के लोगों की श्रद्धा को चोट पहुँचती है जिससे पावन पर्व की गरिमा बनी रहे। साथ ही गरबा एवं देवी पंडालो मे प्रवेश केवल हिंदू श्रद्धालुओं तक सीमित हो, संदिग्ध तत्वों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाये!आयोजनों मे अश्लील एवं फ़िल्मी गीतों का प्रयोग निषेध हो, केवल पारम्परिक एवं भक्ति संगीत का उपयोग किया जाये। देवी पंडालो मे पुरुष व महिलाएं मर्यादित कपड़े ही पहनकर मंदिर मे प्रवेश करें। इस दौरान जिला सुरक्षा प्रमुख सानू ठाकुर, प्रखंड मंत्री मनोज मिश्रा, दीपक मिश्रा, अंकुश साहू,पंकज साहू,आकाश सिंह,अनुराग पटेल,अनुराग त्रिपाठी सहित विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्य उपस्थित रहे।

# आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना का पर्व आज से प्रारंभ, जिला मुख्यालय से लेकर नगर कस्बे व गांवों में भी मां की प्रतिमाओं को विराजमान कर होगी आदिशक्ति की आराधना

नवदुर्गा पर्व जो शक्ति आराधना भक्ति से जुड़ा हुआ पर्व माना जाता है मां की आराधना से ही शक्ति को लेकर जहां युवाओं में उत्साह अलग ही देखने को मिल रहा है जिला मुख्यालय से लेकर नगर हो या कस्बे या फिर गांव हो या मोहल्ले सभी जगह मां की प्रतिमायें कई रूपों में विराजमान करते हुये आज से मां की आराधना का पर्व पूजा अर्चना के साथ आरंभ

**पन्ना।**

आदि शक्ति मां दुर्गा के नव दिन परम पुनीत माने जाते है भक्ति शक्ति आराधना से जुड़ा हुआ पर्व प्राचीन समय से हमारी हिन्दु संस्कृति के अनुसार जहां यह शक्ति का पर्व ही माना जाता है तरह-तरह से पूजा अर्चना आरंभ मां की आराधना को लेकर मानी जाती है। कहीं घट स्थापना से आरंभ दुर्गा पाठ तो कहीं मां के जवारे तो कहीं मां की प्रतिमायें कई रूपों में अलग-अलग स्थानों में विराजमान करते हुये लोग अपनी पूजा अर्चना आरंभ करते है। बैठकी का दिन जो पहला दि नही मां की आराधना शुरू होने को लेकर शक्ति पर्व के लिये जहां प्रथम दिवस से ही तरह-तरह से अनुष्ठान भी आरंभ होते है समूचे जिले में मां की शक्ति का पर्व जहां जोष व उत्साह के साथ नजर आ रहा है जिसको लेकर पहले दिन से ही युवाओं में अलग ही उमंग देखने को मिलती है। अब तो हालात यह है कि प्रगति को लेकर इस पर्व में भी कहीं न कहीं अलग ही देखने को हालात मिल रहे है जिस तरह से जिला मुख्यालय में मोहल्लों-मोहल्लों में मां की प्रतिमायें विराजमान की जा रही है वहीं नगर व कस्बों में भी इसी तरह लोग अपनी मां की आराधना को लेकर उत्साहित गांवों में भी युवाओं का जोष देखने को मिल रहा है। जहां मां की प्रतिमाओं को विराजमान करते हुये युवा तरह-तरह से मां की पूजा अर्चना को लेकर आराधना शुरू करने को लेकर तत्पर है। इस तरह से आज मां की आराधना का पहला दिन जो जाना जायेगा वहीं समाचार लिखे जाने तक तैयारियों जोर-षोर से जारी है मां की प्रतिमाओं को लाने के लिये युवाओं का उत्साह नजर आ रहा है। नौ दिन मां की शक्ति की आराधना के साथ दसवें दिन दषहरे के रूप में जहां बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व के रूप में दषहरा पर्व



मनाया जायेगा मर्यादा पुरूषोत्तम राम कहीं न कहीं अचछाई की जीत को लेकर उदाहरण है वहीं बुराई को किस तरह से जलकर खाक होना पड़ता है यह उदाहरण पराक्रमी रावण के पुतला दहन से देखने को मिलता है इस तरह से नवदुर्गा व दषहरा का पर्व जो हमारी हिन्दु परम्परा व संस्कृति में एक बड़ा पर्व माना जा रहा है जो मां की पहले दिन से ही पूजा अर्चना से ही आरंभ होता है प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जहां नवदुर्गा पर्व को लेकर तैयारियां देखने में नजर आ रही है।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार





**पवई।** आज 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाले शक्ति की उपासना और आराधना के पर्व शारदेय नवरात्रि की देश भर में धूम है। देश प्रदेश सहित पन्ना जिले में भी दुर्गा प्रतिमाओं के स्थापना के लिए पंडाल लगाए जा रहे हैं। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व में लोग अपनी अपनी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं।इसी को लेकर मूर्तिकार भी दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकार लगातार प्रतिमाओं की साज सज्जा,वस्त्र,उनका श्रृंगार आदि के लिए दिन रात काम में लगे हुए हैं। मूर्तिकार नत्थू लाल ने जानकारी देते हुए क्या कुछ कहा लिए सुनते हैं।

### शिक्षित बेरोजगारों की समस्या गम्भीर-रोजगार पाने के लिए शासन को दो सूत्रीय ज्ञापन डॉ पांडेय

**अमानगंज।** मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभाग जिनमें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उच्च शिक्षा स्कूल शिक्षा आयुष बिभाग पी एच ई डी जल संसाधन सहित 50से 60 विभाग आज की स्थिति में शासन द्वारा स्वीकृत माप दंड के अनुसार 30%पद लम्वे समय से खाली पड़े हुए है उच्च शिक्षा प्राप्त ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र से जुड़े नवयुवक इसी आशा में है कि आगामी लोक सभा विधान सभा चुनाव के आते आते खाली पड़े पदों को पूर्ति पाकर विज्ञापन हो सकता है परंतु बीते 12/ 14वर्षों से साशन प्रशासन वित्तीय संकट होने का बहाना बनाते हुए साशन आंख मूंद कर वेठी हुई है बीते दिवस क्षेत्र भ्रमण पर निकले हमारे मैदानी संवादाता से हुए साक्षात्कार में मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला पन्ना के आजीवन सदस्य जिला प्रवक्ता डॉ एम पी पांडेय ज्वाला देवी प्रांगण में सासन को एक सूत्रीय ज्ञापन के संदर्भ में बताया है कि खाली पड़े हुए पदों की पूर्ति बाबत डॉ मोहन यादव जी कैविनेट में प्रस्ताव लाकर नीतिगत आदेश जारी करावे उच्च शिक्षा प्राप्त अथवा किसी भी श्रीनि के कुशल अर्द्ध कुशल एवम अकुशल श्रीनि में 70 प्रतिशत कलेक्टर दर से जॉइन कराने हेतु प्रत्येक कलेक्टर सहित जिला पंचायतों आदि स्तर से इस समिष्या का हल करे इसके साथ ही सेवा निवर्त कर्म चारी जो कलेक्टर दर से कार्य करने के इक्षुक हो 30 प्रतिशत पद सेबा का अवशर देना साशन आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कराये जावे डॉ पांडेय द्वारा किये गए लेख में अपर मुख्य सचिव मुख्य मंत्री कार्यालय भोपाल एब आयुष मंत्रालय प्रमुख सचिव प्रमुख सचिव महिला बाल विकास को सादर प्रेशित बिनय पत्र की प्रतियां क्रमांक 59 के पूर्व बिधायक फुंदर चौधरी ओ एस डी मिश्रा प्रभारी मंत्री इंदल सिंह परमार के कार्यालय में पहुचाकर इस का निराकरण की अपील के साथ ही डॉ पांडेय ने बताया कि डॉ मोहन यादव जी के मंत्री मण्डल अपनी पुरानी घोषणाओं के अमल करने के साथ ही इस गम्भीर समिस्या का हल कराने के साथ आम जनता जनार्दन की पुकार को साकार करे जो जन कल्याण के दायरे में ऐसी चर्चायें चहु ओर हाट बाजार चाय की दुकान पर सुनाई दे रही है विधान सभा कार्यकाल के समय लगभग आधा समय बीत चुका है लाखो यूबायो की बेरोजगारी लम्बे समय से चली आ रही रहे इससे छुटकारा दिलाने हेतु सार्थक प्रयास करने हेतु बल्लभ भवन सचिवालय की टेविलो पर पड़ी कार्य सूची में लाने के साथ राज्य साशन आदेश जारी करे

## महामति श्री प्राणनाथ जी का प्रगटन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

# प्रगटन उत्सव पर श्री प्राणनाथ प्यारे की जय के जयकारों से गूंज उठा शहर





**पन्ना।** पवित्र धर्मनगरी पन्ना में महामति श्री प्राणनाथ जी का 407वां प्राकट्य महोत्सव इस साल भी बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह महोत्सव विशेष रूप से श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम मंदिर में आयोजित हुआ, जहाँ देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु सुंदरसाथ शामिल हुए। यह पावन पर्व श्री कृष्ण प्रणामी संप्रदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

### मुख्य कार्यक्रम और शोभायात्रा

महोत्सव की शुरुआत विगत दिवस शुक्रवार शाम निकली पारंपरिक रूप से शोभायात्रा के साथ हुई। भक्तों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान पहनकर इस यात्रा में भाग लिया, जो पूरे शहर से होकर गुजरी। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर और भजन-कीर्तन गरबा गाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रमों में श्री प्रागटन उत्सव में विशेष आरती और बधाई गान शामिल थे। पारंपरिक प्रथा के अनुसार, सबसे पहली आरती पन्ना के महाराजा, जो महाराजा छत्रसाल के वंशज हैं, छत्रसाल द्वितीय के द्वारा की गई। इस दौरान मंदिर के कपाट खुलते ही प्राणनाथ प्यारे की जय के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

### सुबह निकली वाहन रैली

महामति श्री प्राणनाथ प्रगटोत्सव के दिन सुबह से समाज के लोगो द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया जो नगर का भ्रमण कर अजयगढ चौराहा, बडा बाजार चौराहा, श्री बल्देव जी चौक, छत्रसाल पार्क, कोतवाली चौराहा, अस्पताल चौराहा होते हुये पुराने पावर हाउस चौराहा एवं गांधी चौक से होते हुये महेन्द्र भवन चौराहे से होते हुये श्री प्राणनाथ जी मंदिर पहुंची। इस समय समाज के नवयुवकों द्वारा जगह जगह गरबा नृत्य किया तथा श्री प्राणनाथ प्यारे की जयकारों से पूरे नगर को गूंजायमान कर दिया।

### परंपराओं का निर्वहन और संदेश

अवसर पर, मंदिर के ट्रस्टी और समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने महामति प्राणनाथ जी के जीवन और उनके एक ईश्वर, एक प्रेम के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महामति प्राणनाथ जी ने समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर कर सभी को प्रेम और एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया। महोत्सव के दौरान आयोजित किए गए विभिन्न सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का भी संदेश दिया। पूरे महोत्सव के दौरान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन (प्रसाद) की व्यवस्था की गई थी।

# थाना परिसर पवई में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

**नवरात्रि पर्व को लेकर हुई विस्तार पूर्वक चर्चा, दिए गए दिशा निर्देश**





**पवई।** आगामी शारदेय नवरात्रि पर्व को लेकर शनिवार शाम थाना परिसर पवई में एसडीएम समीक्षा जैन एवं एसडीओपी भावना सिंह दांगी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी दशहरा पर्व व अन्य पर्वों को शांतिपूर्वक एवं आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाए जाने की बात कही गई,इसके अलावा विभिन्न विभागों से आए हुए अधिकारी कर्मचारियों को त्योहारों के दौरान नगर की साफ सफाई,विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को बनाए रखने के दिशा निर्देश भी दिए गए,इसके अलावा दशहरा पर्व को लेकर शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार पंडालों की ऊंचाई,दुर्गा प्रतिमा की ऊंचाई,चल जुलूस,चल जुलूस में प्रतिमाओं के क्रमांक एवं अन्य निर्देशों के बारे में भी दुर्गा प्रतिमा समितियों को दिशा निर्देशित किया गया, इसके अलावा बैठक में आए हुए गणमान्य नागरिकों से इन पर्वों को और कैसे अच्छे तरीके से मनाए उसके लिए विचार विमर्श एवं अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर तहसीलदार त्रिलोक सिंह,थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी,आशीष पटेल (एआरआई) विजय अहिरवार (लाइन मैन) सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी शांति समिति के सदस्य,दुर्गा समितियों के सदस्य पत्रकार गण मौजूद रहे।

# आगामी शारदेय नवरात्रि को लेकर तैयारियों का दौर जारी



## नगर परिषद अध्यक्ष ने किया कार्यों का जायजा

**पवई।**

आगामी 22 सितंबर से उपासना और शक्ति का पर्व शारदेय नवरात्रि प्रारंभ होने जा रही है। जिसको लेकर पवई नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र की आस्था का केंद्र और आराध्य माता कलेही के मंदिर की सफाई,रंगाई,पुताई रंग बिरंगी लाइटिंग के कार्यों का दौर जारी है। इसी को लेकर मंगलवार को नगर परिषद अध्यक्ष वसंत दहायत ने मंदिर पहुंचकर जारी कार्यों का जायजा लिया साथ ही सफाई कर्मियों और कामों में लगे हुए लोगों को समय पर कार्य को पूरा करने की बात कही। बता दें कि मंदिर की साज सज्जा और इत्यादि का कार्य मंदिर प्रशासक तहसीलदार पवई एवं नगर परिषद पवई के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला महा मंत्री एवं मंदिर समिति के सदस्य दीपेंद्र सिंह परमार,पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी,मंडल उपाध्यक्ष अजित बड़ोलिया,प्रदीप मिश्रा, सी बी गौतम मौजूद रहे।

# पत्रकार स्व. संजय राजपूत को समाजसेवियों, पत्रकारों, राजनेताओं गणमान्य नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि

**कांग्रेस नेता भारत मिलन पांडे ने इक्वांवन हजार का बेटी को दिया चेक अन्य उपस्थित जनों ने भी किया आर्थिक सहयोग**



***पन्ना।*** पन्ना जिले के पत्रकार संजय राजपूत का गत दिवस दुखन निधन हो गया था स्वर्गीय श्री राजपूत द्वारा हमेशा शोषित पीड़ति गरीब वर्ग की आवाज को बुलंद किया उनके आकस्मिक निधन से जिलेभर में तथा पत्रकारों में आम नागरिकों में शोक का माहौल देखा गया स्वर्गीय राजपूत के निधन को लेकर स्थानीय सर्किट हाउस में शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था जिसमें जिले के पत्रकारों सहित राजनेताओं समाजसेवियों गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा मौन धारण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नेता तथा पूर्व पन्ना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भारत में पांडे ने स्वर्गीय पत्रकार संजय राजपूत की बेटी को 51 हज़ार का चेक प्रदान करते हुए आर्थिक सहयोग किया इनके अलावा समाजसेवी मनोज केसरवानी सहित अन्य लोगों के द्वारा भी आर्थिक सहयोग किया गया उपस्थित जनों ने हर संभव सहयोग करने की बात कही श्रद्धांजलि सभा में अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद सिंगरौल दिया ग्राम पंचायत के सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी पत्रकार बृजेंद्र गर्ग मनीष मिश्रा राकेश शर्मा राकेश शर्मा धामी विश्वनाथ जोशी लक्ष्मी नारायण चिरौलिया अरविंद यादव सुशांत चौरसिया पीयूष शुक्ला, भाजपा नेता मनोज केसरवानी, शिव मोहन सिंह लोधी जी एलडी सिंह लोधी जी राजेश लोधी जी शिवबरन सिंह शिक्षक वीरेंद्र यादव योगेंद्र राजपूत दिनेश लोधी बाबूजी, संजय अहिरवार, पूर्व प्राचार्य अहिरवार जी, हीरालाल विश्वकर्मा, राजेंद्र लोधी के अलावा सभी वर्गों के लोग उपस्थित रहे।



# पितृ मोक्ष अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, घाटों पर हुआ तर्पण

**पवई।** आज पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर पतने नदी के कालेन घाट और बाबा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह-सुबह से ही पुत्र अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना करते हुए घाटों पर पहुंचे और विधि-विधान से पवित्र जल अर्पित कर तर्पण किया। पंडितों के मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ की ध्वनियों से घाटों का वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया। बड़ी संख्या में नगर और आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने जल, तिल और कुश अर्पित कर पितरों का स्मरण किया। धार्मिक मान्यता है कि पितृ मोक्ष अमावस्या पर तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और परिवार में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत इस आयोजन में हर उम्र के लोग शामिल हुए और पूर्वजों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। आज के दिन घाटों पर तड़के से दोपहर तक तर्पण का सिलसिला चलता रहा और पतने नदी के घाट श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बने रहे।

# पतने नदी के कलेहन घाट में डूबने से विवेक की हुई मौत, नगर में शोक की लहर व्याप्त



**पवई।** रविवार की सुबह पवई नगर में उस वक्त गमगीन माहौल हो गया जब पतने नदी के कलेहन घाट में नहाते समय पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार रविवार सुबह 8 बजे वार्ड क्रमांक 11 निवासी विवेक पांडे पिता विनोद पांडे उम्र 26 वर्ष अपने चाचा सुरेंद्र पांडे पत्रकार के साथ पितृपक्ष के आखिरी दिन कुशादान करने के लिए पतने नदी के कलेहन घाट गए थे,तभी विवेक नदी में कूद कर नहाने लगा और गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा,तभी घाट पर नहा रहे चाचा सुरेंद्र पांडे ने कुछ लोगों को विवेक को पानी में डूबने से बचाने के लिए भेजा लेकिन पानी गहरा होने के कारण विवेक नहीं मिला,इसके बाद इसकी जानकारी पन्ना एस डी ई आर एफ टीम को दी गई, लगभग चार घंटे नदी में तलाश करने के बाद विवेक का शव मिला,पीएम उपरांत नगर के मुक्तिधाम में विधि विधान से अंत्येष्टि की गई। इस हृदय विदारक घटना से पवई नगर में शोक का माहौल व्याप्त है।


# राष्ट्रीय पोषण माह, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में बनाई गई बच्चों की अपार एवं आभा आईडी

**पन्ना।**




शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत निर्धारित तिथियों में विभागवार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शनिवार को थीम अनुसार गतिविधियों का आयोजन कर आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में बच्चों की अपार आईडी एवं आभा आईडी बनाई गई। साथ ही जानकारी दी गई कि भारत सरकार द्वारा एकीकृत, सुव्यवस्थित और आसानी से सुलभ छात्र पहचान प्रणाली बनाने के उद्देश्य से अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) की पहल की गई है। यह 12 अंको की विशिष्ट आईडी है। इसमें विद्यार्थियों के सभी शैक्षिक रिकार्ड डिजिटल रूप से स्टोर होंगे। अपार आईडी बनवाने के लिए छात्र-छात्राओं को अपने आधार कार्ड और डिजीलॉकर खाते का उपयोग करना होता है। अपार आईडी को आधार कार्ड से जोड़ा जाता है, लेकिन अपार आईडी केवल शैक्षणिक रिकार्ड से संबंधित है। पोषण माह के तहत आयोजित कार्यक्रम में आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) के बारे में भी जानकारी दी गई। एकीकृत स्वास्थ्य सेवा के लिए इस 14 अंकीय आईडी की उपयोगिता है। इसके माध्यम से डिजिटल हेल्थ रिकार्ड उपलब्ध होने से कागजी दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं होती। आभा आईडी एबीडीएम (आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन) की वेबसाइट से बनाई जा सकती है। इसमें आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस का उपयोग करके पंजीकरण कराना होगा। ओटीपी आधारित सत्यापन प्रक्रिया के तहत आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से वांछित जानकारी दर्ज कर आईडी जनरेट कर सकते हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पंजीकृत बच्चों की अपार एवं आभा आईडी बनाई जा रही है।

# आरसेटी में प्रशिक्षण के समापन पर महिला प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र



**पन्ना।** भारतीय स्टेट बैंक के पुराना पन्ना, बड़ी देवी मंदिर के निकट स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में गत दिवस दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समापन पर महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर में 35 एवं अस्सिटेंट बुक कीपर में 34 महिलाओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार सिंह, संस्था निदेशक अरविंद कुमार गुप्ता, लीड बैंक संस्था से ओमप्रकाश जोशी, प्रशिक्षक अंजुम निशा तथा आरसेटी स्टॉफ द्वारा सफल प्रतिभागियों को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण के इच्छुक आवेदक जरूरी दस्तावेजों जैसे आधार एवं बीपीएल कार्ड या राशन पर्ची अथवा जॉब कार्ड सहित न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की अंक सूची, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक एवं 6 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पन्ना जिले के ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना आवश्यक है। संस्था में आगामी दिवस में राजमिस्त्री प्रशिक्षण सहित सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम, बैंक सखी, सीसीटीव्ही इंस्टालेशन, टूरिस्ट गाइड, आर्टीफीसियल कस्टम ज्वेलरी इत्यादि का प्रशिक्षण निर्धारित है। इसमें व्यवसाय से संबंधित सभी प्रकार के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान चाय, नाश्ता और भोजन सहित रहने की निःशुल्क गुणवत्तायुक्त व्यवस्था भी की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागियों से आरसेटी में अविलंब संपर्क कर निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन कराने की अपील की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए निदेशक अरविन्द कुमार गुप्ता के मोबाइल नंबर 9826838699 एवं जितेन्द्र सिंह के मोबाइल नंबर 8319006700 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### कैदी वार्ड से भागे अपराधी के मामले में प्रधान आरक्षक की सेवाएं समाप्त



**छतरपुर।** जिला अस्पताल के कैदी वार्ड से एक कुख्यात अपराधी के भागने की घटना में पुलिस अधीक्षक ने कैदी वार्ड के प्रभारी प्रधान आरक्षक की सेवाएं समाप्त की हैं। उल्लेखनीय है कि गत 11 सितंबर को जिला अस्पताल के कैदी वार्ड से कुख्यात अपराधी रविंद्र सिंह परिहार भाग गया था, जिसके बाद ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मी राकेश अहिरवार, हरिश्चंद्र अहिरवार, पंकज तिवारी और शिवम शर्मा को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने तत्काल निलंबित किया था और अब कैदी वार्ड के प्रभारी प्रधान आरक्षक राकेश अहिरवार की सेवाएं समाप्त की गई हैं।

### स्कूल में बनाए गए आधार कार्ड



**खजुराहो।** नगर के एक निजी स्कूल में डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए कैंप लगाया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य 10 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलना और आधार कार्ड बनाना था। कैंप में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, साथ ही डेढ़ दर्जन से ज्यादा बच्चों के आधार कार्ड गनाए गए। कैंप में डाक विभाग के महेंद्र दुबे के साथ खजुराहो डाक कार्यालय के कर्मचारी और स्कूल की प्रिंसिपल नमिता श्रीवास्तव, सोनाली, आहुति, राधिका, शिवानी, हर्षिता तथा खुशबू उपस्थित रहीं। श्री दुबे ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं के कल्याण के लिए जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों जैसे शिक्षा और विवाह में वित्तीय प्रावधान करने का लक्ष्य है।

### भैंसों से भरी पिकअप पकड़ी, सुरक्षित भेजा गया गौशाला



**बक्सवाहा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की टीम ने बीती रात भैंसों को क्रूरतापूर्वक भरकर जा रहे एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया। कार्यकर्ताओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर पीछा किया और भैंसों को मुक्त कराकर गौशाला पहुंचाया। हालांकि सभी तस्कर भागने में सफल रहे। हिन्दु संगठनों ने स्थानीय पुलिस पर तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विहिप-बजरंग दल की टीम को गौ-तस्करी की सूचना मिली, जिसके बाद गौ-रक्षक प्रियांशु रावत, सूरज खटीक ने पिकअप का पीछा कर उसे रोका। पिकअप में भैंसों को क्रूरता से भरा गया था। कार्यकर्ताओं ने भैंसों को मुक्त कर गौशाला भेज दिया। इसी बीच पिकअप का ड्राइवर और उसका सहयोग भाग निकला। गौसेवकों ने एक वीडियो जारी कर पुलिस पर तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

### पितृ मोक्ष अमावस्या पर मतंगेश्वर मंदिर में हुआ जलाभिषेक



**छतरपुर।** चंदला थाना क्षेत्र की बछौन चौकी परिसर में नवरात्रि और दशहरा जैसे त्योहारों की शांतिपूर्ण मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रवासियों से सुझाव लिए गए, जिसमें देवी प्रतिमाओं की स्थापना, विसर्जन और दुकानदारों की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। चौकी प्रभारी ने सभी को नियमों का पालन करने और चुने गए घाटों पर विसर्जन करने की अपील की, ताकि कोई अनहोनी न घटे। चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह कोल ने बताया कि हर गांव में मूर्ति स्थापना के नियमों का पालन हो और चुने गए घाटों पर ही विसर्जन किया जाए। कालका देवी समिति को निर्देश दिए गए कि दुकानदारों को जमीन सुनिश्चित कर बैठकी दिलाई जाए, ताकि दुकानदारों और भीड़ में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो। बैठक में चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह कोल, प्रधान आरक्षक पुरुषोत्तम दास विश्वकर्मा, आरक्षक ईश्वर सिंह, अमित जाट, पूर्व सरपंच जगत नारायण शुक्ला, भाजपा कोषाध्यक्ष मनोज शुक्ला, समाजसेवी हरी पाठक, एडवोकेट रामदीन उपाध्याय, व्यवसायी शैलेंद्र द्विवेदी, पत्रकार राजू सिंह, सरपंच पप्पू सिंह, सरपंच रानीपुर धनीराम यादव और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रामचरित मानस मैदान में चल रही रामलीला

# श्रीराम ने किया ताड़का राक्षसी का वध

गल्लामंडी के रामचरित मानस मैदान में चल रही अन्नपूर्णा रामलीला के चौथे दिन माता सीता के जन्म, ताड़का राक्षसी के वध और मुनि आगमन की लीला का मंचन हुआ।



**छतरपुर।**

लीला से पहले भगवान श्री राम की आरती में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्याम किशोर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि रिटायर होमगार्ड कमांडेंट करण सिंह, विजय अग्रवाल अलंकार ज्वेलर्स, श्रीमती प्रभा वैध, विनोद सोनी, पत्रकार विनोद मिश्रा, वृंदावन गोस्वामी, पत्रकार मन्नू लाल रैकवार, दुर्गा असाटी, कौशल किशोर घोष, गणेश असाटी सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। महाआरती के उपरांत शहर के समाजसेवियों और पत्रकारों को मां अन्नपूर्णा रामलीला समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

चौथे दिन की लीला में दर्शकों ने देखा कि जनकपुरी में एक बार भीषण अकाल पड़ा। सारे मिथिला वासी त्राहि त्राहि कर उठे। यह देख राजा जनक अत्यंत विचलित एवं दुखी हो उठे। उन्होंने अपने कुलगुरु शतानंद मुनि से इसका उपाय पूछा। मुनि बोले हे राजन आप पत्नी सहित भूमि पर हल से जुताई करें। यही सही रहेगा देवराज इंद्र को मनाने का उपाय है। राजा ने अपनी पत्नी सहित हल से जब भूमि को जोता। तभी उनके हल की सीत (किनारी) एक कलश से टकराई। जिसमें से एक कन्या प्रकट हुई जिसका नाम उन्होंने सीता रखा।देवराज इंद्र ने प्रसन्न हो खूब वर्षा की जिससे प्रजा प्रसन्न हो उठी। सभी भक्तगण सीता मैया की जय जयकार करने लगे। इधर अयोध्या में एक दिन कौशिक नंदन मुनि विश्वामित्र पधारे। महाराज दशरथ ने उनका आदर सत्कार कर आगमन का कारण पूछा। मुनि बोले हे दशरथ मैंने एक यज्ञ का संकल्प लिया है लेकिन आए दिन राक्षस गण यज्ञ विघ्न करते हैं मैं चाहता हूं कि आप अपने बेटे राम और लक्ष्मण को मेरे साथ यज्ञ रक्षा हेतु भेजें। महाराज विचलित हो बोले हे मुनिश्रेष्ठ मैंने चौथेपन में इन बच्चों का मुख देखा है आज्ञा हो तो मैं आपके साथ चलूं। तब कुलगुरु वशिष्ठ के समझाने पर राम लक्ष्मण मुनि विश्वामित्र के साथ उनके आश्रम को प्रस्थान करते हैं। राह में ताड़का नामक राक्षसी मुंह फैलाकर मुनि की ओर झपटी तभी प्रभु राम ने अपने तीक्षण बाण से उसका प्राणांत कर दिया। सभी लोग प्रभु राम की जय जयकार करने लगे। आश्रम पहुंचकर मुनि यज्ञ प्रारंभ करते हैं तभी मारीच और सुबाहु नामक राक्षस उनके यज्ञ विध्वंस को पहुंचे। तभी प्रभु राम ने अपने बाण से सुबाहु का प्राणांत कर दिया तथा एक बिना फल वाले बाण से मारीच पर प्रहार किया जिससे वह दक्षिण दिशा में सौ योजन दूर जा गिरा। यह देख विश्वामित्र ने प्रसन्न हो अनेकों अस्त्र शस्त्र प्रभु राम तथा लक्ष्मण को प्रदान किए। यह मंचन देख सभी भक्तगण प्रभु राम लक्ष्मण की जय जयकार करने लगे और भाव विभोर हो उठे।

## गढ़ा गांव में हुई मां काली की एक दिवसीय स्थापना



**छतरपुर।**

बागेश्वर धाम के नाम से प्रख्यात जिले के ग्राम गढ़ा में अमावस्या के मौके पर मां काली की एक दिवसीय स्थापना की गई। रात्रि 12 बजे से सुबह तक चली पूजा-अर्चना के बाद सुंदरकांड पाठ, विशाल भंडारा और सामूहिक पूजा हुई, तदुपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ ग्रामीणों ने भाग लिया। यात्रा के बाद विधि-विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले डॉ. रंजीत हाल्दार ने अपने घर पर मां काली की स्थापना करवाई। डॉ. हाल्दार पिछले दो दशक से गढ़ा में सेवाएं दे रहे हैं। कोलकाता की परंपरा अनुसार स्थापित इस पूजा का उद्देश्य देश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना था। स्थापना के अवसर पर गढ़ा और आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। रात्रि 12 बजे से सुबह तक चली पूजा-अर्चना में सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारा आयोजित हुआ। अमावस्या समाप्त होने से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीण डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ माता की आरती करते हुए शामिल हुए। यात्रा के बाद प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

## छत्रसाल चौराहे पर लगाया जाम, विद्युत विभाग कार्यालय में की नारेबाजी

# सड़क पर उतरे अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण

**छतरपुर।**



जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम सरानी में पिछले तीन दिनों से हो रही अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त ग्रामीणों ने रविवार को छत्रसाल चौराहे पर जाम लगा दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचे। उनकी समझाइश के बाद ग्रामीण विद्युत विभाग कार्यालय चले गए जहां जमकर नारेबाजी की गई। हालांकि रविवार होने के कारण ग्रामीणों को कोई अधिकारी नहीं मिला।

ग्राम सरानी के रहने वाले उमेश रैकवार ने बताया कि चार-पांच दिन से बिजली नहीं है, जिससे छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, मच्छर काट रहे हैं और रात में सांप-बिच्छू निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिल न देने वालों की कुर्की की जाए, लेकिन अन्य लोगों की बिजली सप्लाई बंद करना गलत है। वहीं ग्रामीण कौशल प्रताप सिंह ने बताया कि बिजली कटौती से पूरा क्षेत्र प्रभावित है। दो-तीन दिन से बिजली गुल है, बच्चे तड़प रहे हैं, अस्पताल जाना पड़ रहा है और कीड़ों-मकोड़ों का डर बना हुआ है। छत्रसाल चौराहे पर हंगामा कर रहे ग्रामीणों की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने ग्रामीणों को समझाया और विद्युत विभाग कार्यालय जाने के लिए कहा। इसके बाद ग्रामीण विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे, लेकिन छुट्टी के कारण कार्यालय बंद था। ग्रामीण यहां काफी समय तक नारेबाजी करने के बाद वापिस लौट गए।

## नगर परिषद की अनदेखी पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

# लीकेज के कारण नाली में बह रहा हजारों लीटर पानी



**चंदला।**

नगर परिषद की लापरवाही से बोरवेल से घर-घर पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइनों में लीकेज के कारण रोजाना हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह रहा है। सर्किट हाउस के बाहर और अजयगढ़ मार्ग पर शुक्ला की बगिया के पास लीकेज से कीचड़ फैल रहा है, जिससे ग्रामीण गर्मी, मच्छरों और बीमारियों से जूझ रहे हैं। शिकायतों के बावजूद नगर परिषद ने कोई मरम्मत नहीं की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में बोरवेल से निकलने वाले पानी की पाइपलाइनों में लीकेज की समस्या चरम पर पहुंच गई। सर्किट हाउस के मुख्य गेट के बगल में डाली गई मुख्य लाइन से पानी नाली में बह रहा है, जबकि अजयगढ़ मार्ग पर शुक्ला की बगिया के पास बोरवेल से आने वाली लाइन के लीकेज से मुख्य सड़क पर पानी बहता रहता है, जिससे कीचड़ मच जाता है। वार्ड 3 के सिंह कॉलोनी निवासी सत्यम अहिरवार ने बताया कि उनके मकान के पास लीकेज लाइन है। करीब एक महीने पहले उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की थी, लेकिन नगर परिषद के अधिकारियों ने फोन कर दबाव डालकर शिकायत बंद करवा दी। फिर भी लीकेज जैसी की तैसी है। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र सरकार पानी बचाने के लिए करोड़ों खर्च कर रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर बर्बादी हो रही है। नगर परिषद के जिम्मेदारों की अनदेखी से समस्या बढ़ रही है।

वहीं दूसरी ओर सर्किट हाउस चौराहे के पास बना यात्री प्रतीक्षालय अतिक्रमणकारियों का शिकार हो गया है। नगर परिषद की उदासीनता के कारण दुकानदारों ने प्रतीक्षालय को पूरी तरह ढक लिया है, जिससे आने-जाने वाले मुसाफिरों को इसकी पहचान ही नहीं हो पा रही। यदि कोई यात्री अंदर बैठने की कोशिश करे, तो दुकानदार झगड़ा करने को तैयार हो जाते हैं। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए इन भवनों का रखरखाव न होने से समस्या बढ़ रही है। सर्किट हाउस चौराहे के पास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अतिक्रमणकारियों ने दुकानें सेट कर ली हैं। नगर परिषद द्वारा बोरवेल से पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइनों के लीकेज की तरह यहां भी रखरखाव की कमी से प्रतीक्षालय ढक गया है। यात्रियों को अब पता ही नहीं चलता कि प्रतीक्षालय कहां है। यदि कोई मुसाफिर अंदर जाने की कोशिश करे, तो दुकानदार लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। हीरो एजेंसी के संचालक अतुल गुप्ता ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। नगर परिषद को तुरंत कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाना चाहिए, ताकि यात्री सुरक्षित बैठ सकें।



## जिनका कोई नहीं उनका तर्पण कर रहा बागेश्वर धाम: पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

### महालय अमावस्या पर सबके मोक्ष के लिए महाराज श्री ने कराया त्रिपिंडी श्राद्ध

**छतरपुर।** ऐसे लोग जो इस संसार से चले गए, वे सैनिक जो देश के लिए अपने प्राण निछावर कर कर गये तथा उनके पिंडदान का इस दुनिया में कोई नहीं रहा, बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऐसे ही लोगों के मोक्ष के लिए सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर त्रिपिंडी श्राद्ध कराया है। बनारस से आए विद्वान पंडितों ने विधि विधान से ज्ञात अज्ञात लोगों के मोक्ष के लिए त्रिपिंडी श्राद्ध किया। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि इस चराचर जगत से जाने वाले उन लोगों के लिए सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर श्राद्ध किया गया जिनका श्राद्ध कर्म करने वाला कोई नहीं रहा। ऐसे लोग जिनका शव ही परिवार को नहीं मिला न ही उनकी अंत्येष्टि हुई, बागेश्वर धाम ऐसे ही लोगों के मोक्ष के लिए कार्य कर रहा है। महाराज श्री ने कहा कि जिनका श्राद्ध कर्म नहीं होता जिनका पिंडदान नहीं होता उनकी आत्माएं इस संसार में भटकती रहती हैं। इन्हीं आत्माओं के कल्याण के लिए और भगवान श्री हरि के चरणों में पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है। अतृप्त आत्माओं के लिए विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किया गया।

**अतृप्त आत्माओं के कल्याण के लिए महाराजश्री बने प्रतिनिधि-** बनारस से आए यज्ञाचार्य पं. राजा पाण्डेय ने बताया कि त्रिपिण्डी श्राद्ध में उन लोगों का तर्पण और पिण्डदान होता है जिनका कोई नहीं होता। बागेश्वर महाराज ऐसी अतृप्त आत्माओं के पिण्डदान के लिए प्रतिनिधि बने हैं। पांच ब्राह्मणों का वरण कर उनका पिण्डदान कराया जा राह है। कई ऐसे वीर सैनिक होते हैं जो राष्ट्र की रक्षा के दौरान अपने प्राण न्यौछावर कर देते हैं उनके शव भी परिवार को भी प्राप्त नहीं होते। ज्ञात-अज्ञात आत्माओं की मुक्ति के लिए यह श्राद्ध हुआ है। त्रिपिण्डी का अर्थ सात्विक, राजसिक और तामसिक जीवों से है। जिस तरह से ब्रहण्ड गोल है उसी तरह से पिण्डों को बनाया जाता है। सात्विक आत्माओं, राजसिक और तामसिक आत्माओं के लिए यह त्रिपिण्डी श्राद्ध किया जाता है। इस भौतिक जगत के जीवों के कल्याण के लिए यह विशेष पूजन होता है। बागेश्वर महाराज ने प्रतिनिधि बनकर जीवों के कल्याण का यह कार्य किया है जो अपने-आप में अनूठा है।

## पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ा

**खजुराहो।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी में रविवार को पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु शिव सागर तालाब में स्नान कर पूर्वजों का तर्पण करने पहुंचे और मतंगेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जल अर्पित किया। मंदिर परिसर में भारी भीड़ के कारण घंटों इंतजार करना पड़ा। बुंदेलखंड और आसपास के इलाकों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने भजन-कीर्तन, परिक्रमा और पूजन-अर्चना से माहौल भक्तिमय बना दिया। पितृ मोक्ष अमावस्या पर सुबह से ही शिव सागर तालाब में स्नान कर श्रद्धालु तर्पण करने लगे थे। इसके बाद वे कलश में सरोवर का जल लेकर मतंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। मंदिर में भारी भीड़ के कारण लंबी कतारें लगीं और कई घंटों के इंतजार के बाद दर्शन हुए। श्रद्धालुओं ने महादेव की परिक्रमा की, भांग, धतूरा, शमी पत्र, बेलपत्र और फूल चढ़ाकर जलाभिषेक किया। कई लोग शनिवार रात से ही मंदिर के बाहर डेरा डालकर इंतजार करते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं ने लमटेरा गीत गाते हुए मंदिर पहुंचकर उत्साह बढ़ाया। मंदिर परिसर के बाहर छोटा हाट मेला लगा, जहां से श्रद्धालुओं ने खरीदारी की।



## आनंद मेले के साथ अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों को लगा विराम

# चखने को मिला लजीज व्यंजनों का स्वाद, सराही गईं बेटियों की पेंटिंग्स

**छतरपुर।**



अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 15 सितंबर से शुरू कार्यक्रमों की श्रृंखला पर रविवार को आनंद मेले के साथ विराम लग गया। महालक्ष्मी मंदिर प्रांगण में रविवार दोपहर लगाए गए आनंद मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अमित अग्रवाल और डॉ सुनील अग्रवाल ने फीता काट कर किया।

आनंद मेले में समाज की महिलाओं, बच्चों ने विभिन्न स्टॉल लगाए। जिनमें लजीज व्यंजनों का स्वाद चखने को मिला साथ ही बच्चों और बड़ों ने खेलकूद का आनंद भी लिया। मेले में पलक अग्रवाल और यशिका मित्तल ने अपनी बनाई पेंटिंग्स और कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई जिन्हें खूब सराहा गया। इसके अलावा विभिन्न उपयोगी सामग्री के स्टॉल भी लुभाते रहे। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष प्रभात सर्राफ, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अग्रसेन महिला विकास समिति अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम सानू, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, अग्रसेन ट्रस्ट के अध्यक्ष जयनारायण अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और अग्रबंधु मौजूद थे।


फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता शनिवार को समाजसेवी देवेंद्र अग्रवाल, शरद अग्रवाल और अशोक अग्रवाल बाबा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। देर रात तक चली फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के बच्चों के वर्ग में अभी अग्रवाल फस्र्ट, संवि अग्रवाल सेकंड और आध्या थर्ड आई। महिलाओं और बेटियों के वर्ग में 1920 सेंचुरी कॉलेज लाइफ थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नीतू सौरभ, कु पलक, गीता, कु प्रगति अग्रवाल फस्र्ट, नीलू, नेहा, ज्ञानू और रजनी अग्रवाल सेकंड और संगीता अरविंद तथा प्रियंका शुभम अग्रवाल थर्ड रहीं। पंचुअलिटी में प्रथम राजेशवरी, नीतू सौरभ और श्वेता विनर रहीं। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम शानू, सुनीता और प्रतिभा अग्रवाल आदि अनेक लोग मौजूद रहे। जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में 8 से 15 साल तक के बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता में 32 बच्चों ने उत्साह से बढ़ चढ़कर भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता की संयोजक मोहिनी जगदीश अग्रवाल ने बताया कि माता महालक्ष्मी का आकर्षक और मनमोहक चित्र बनाकर पलक अग्रवाल पिता नरेन्द्र अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान माही अग्रवाल पिता अमित अग्रवाल और यशिका अग्रवाल पिता आलोक अग्रवाल को तृतीय स्थान हासिल हुआ।

## खबर संक्षेप

### उमेश कुमार श्रीवास्त संभागीय अध्यक्ष नियुक्त

रीवा। राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.एल. शर्मा द्वारा उमेश कुमार श्रीवास्तव को रीवा संभाग रीवा (म.प्र.) के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन का संभगीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उमेश कुमार श्रीवास्तव के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर चन्द्र प्रकाश जोशी (कार्यवाहक) प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश ने शुभकामनाए दी साथ ही श्री उमेश के सम्भागीय अध्यक्ष बनाये जाने पर जहा संगठन को मजबूती मिलेगी वही उनके इस्ट मित्रों मे खुसी की लहर दोडगयी। इसी कड़ी मे रीवा से डॉ. शंखपाणि महापात्रा, डॉ. संजय पाण्डेय, डॉ. श्वेरता पाण्डेय, मुकेश श्रीवास्तंव, राजीव निगम, विपिन पटेल, अमित श्रीवास्तव,आदित्य श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्त व, प्रवीण श्रीवास्तव एवं अतंराष्ट्रीय कायस्थ वाहिनी प्रमुख पंकज भैया के साथ-साथ अभिजीत पाण्ड़ेय, आंकाक्षा सिंह, कल्पयना मिश्रा, अरूण मिश्रा, आदि ने संभागीय अध्यक्ष बनने की खुशी जाहिर की एवं शुभकामनाए दी है

### दोना-पत्तल फैक्ट्री में देर रात भीषण धमाका



रीवा। जिले के जवा थाना अंतर्गत बेलगवां गांव में शुक्रवार देर रात एक दोना-पत्तल निर्माण फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके से इलाके में सनसनी फैल गई। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री का लोहे का चैनल गेट हवा में उड़ गया और वहां मौजूद एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। युवक को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना रात करीब 11 बजे की है। घायल युवक की पहचान अभिषेक सिंह पटेल (25 वर्ष), पिता जाम सिंह पटेल निवासी बेलगवां के रूप में हुई है, जो खुद उक्त फैक्ट्री का संचालक है। अभिषेक रोजाना की तरह शुक्रवार शाम फैक्ट्री बंद करके घर लौट गए थे। रात को मोबाइल चार्जर फैक्ट्री में छूट जाने का ध्यान आने पर वह उसे लेने फैक्ट्री पहुंचे। चार्जर लेने के बाद जैसे ही वे फैक्ट्री से मुड़ने लगे, तभी अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि गेट का चैनल उड़कर दूर जा गिरा और अभिषेक के कपड़ों में आग लग गई। वे तत्परता दिखाते हुए बाहर भागे और पास की घास में लोटकर किसी तरह आग बुझाई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत झुलसे युवक को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि तब तक फैक्ट्री में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। वही अभिषेक सिंह पटेल ने बताया कि फैक्ट्री में दाखिल होते ही उन्हें पेट्रोल जैसी गंध महसूस हुई थी। इस तथ्य ने मामले को और गंभीर बना दिया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फैक्ट्री में पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की कोशिश की हो, और संयोगवश उसी समय अभिषेक वहां पहुंच गए हों। बॉक्स मौके पर पहुंची पुलिस, साक्ष्य किए एकत्रघटना की सूचना मिलते ही जवा पुलिस मौके पर पहुंची और फैक्ट्री का निरीक्षण किया। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक भौतिक साक्ष्य एकत्र किए हैं। प्रारंभिक जांच में किसी विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु का स्पष्ट प्रमाण नहीं मिला है। फैक्ट्री में दोना-पत्तल निर्माण के लिए मशीनों का उपयोग होता है, जिसमें कंप्रेशर और हीटर जैसी तकनीकी इकाइयां लगी होती हैं। आशंका जताई जा रही है कि कंप्रेशर में तकनीकी खराबी के चलते यह धमाका हो सकता है।


### मोटर दुर्घटना दाबा अधिकरणों से संबंधित पोर्टल का हुआ शुभारंभ

रीवा। सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली परिसर में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ऑनलाइन डैशबोर्ड फॉर क्लेमेन्ट रीइम्बर्समेंट एंड डिपॉजिट सिस्टम तथा एम.ए.सी.टी. पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी तथा न्यायमूर्ति आलोक अराधे एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन, न्यायमूर्ति विवेक रूसिया एवं न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शुभारंभ अवसर पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा न्याय तक पहुंच केवल संवैधानिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। एम.ए.सी.टी. पोर्टल और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार तैयार किया जा रहा डैशबोर्ड, दोनों मिलकर दुर्घटना पीड़ितों को समयबद्ध और पारदर्शी राहत उपलब्ध कराएंगे। डिजिटल न्याय की दिशा में यह पोर्टल मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों से संबंधित मामलों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन प्रगति ट्रैकिंग और मुआवजा वितरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा।

## बड़े हादसे होने की आशंका, इंदौर हादसे के बाद भी प्रशासन बेपरवाह

# शहर में रात 10 बजे से प्रमुख सड़कों पर बेधड़क अंदर घुस रहे भारी वाहन

**शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक की स्पष्ट व्यवस्था होने के बावजूद, हर रात शहर की मुख्य सड़कों पर रेत और गिट्टी से लदे ओवरलोड ट्रक और हाइवा खुलेआम दौड़ रहे हैं। ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते इन वाहनों की रफ्तार और वजन से जहां सड़कें बदहाल हो रही हैं, वहीं आम जनता की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है।**





रीवा।

सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक भारी वाहनों की नो-एंट्री के बावजूद, रात ढलते ही यह प्रतिबंध बेमानी साबित हो रहा है। कई इलाकों में तो रात 10 बजते ही भारी वाहनों का काफिला शहर में प्रवेश करता है। प्रशासन की चुप्पी और ट्रैफिक विभाग की निष्क्रियता ने हालात को और चिंताजनक बना दिया है। शहर के अंदर से कई टन वजनी वाहन निकल रहे हैं, जबकि शहर के अंदर की सड़कों की निर्धारित क्षमता से ज्यादा के वाहन निकालने से सड़कें, ब्रिज पुल भी खराब हो रही है। एजी कॉलेज रोड मार्ग मे दिन में कई ट्रक, डंपर शहर के अंदर से निकल रहे है। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश और ओवर लोडिंग पर हाईकोर्ट ने भी निर्देश जारी किया हुआ है। शहर में सुबह 6 से रात 11 बजे तक इन वाहनों का प्रवेश वर्जित है। लेकिन यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित होकर रह गया है। शहर में हादसों के अलावा जाम का कारण भी ट्रक और लोडर जैसे वाहन बनते हैं। बता दे नो इंट्री के बावजूद शहर के अंदर से ट्रक और भारी वाहनों का आगमन हो रहा है, इन वाहन चालकों को इसकी जानकारी होने के बाद भी नो एंट्री में घुस जाते हैं, और कार्रवाई से बचने के लिए जल्दी शहर से निकलने की कोशिश करते हैं. इसलिए तेज रफ्तार में गाड़ी का परिचालन करते हैं, इन तेज रफ्तार में दुर्घटनाओं का डर लोगों को सता रहा है। बॉक्स बायपास अधूरा, शहर बना ट्रांजिट रूटरीवा बायपास का निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। ऐसे में प्रयागराज, वाराणसी, सतना, मैहर, जबलपुर और नागपुर जैसे शहरों की ओर जाने वाले भारी वाहन वैकल्पिक मार्गों की जगह सीधे शहर के भीतर से गुजर रहे हैं। यह सिलसिला सिर्फ आपात स्थिति तक सीमित नहीं, बल्कि एक नियमित दिनचर्या बन चुका है। शहर के मुख्य मार्ग जैसे गोविंदगढ़, गुढ़, जय स्तंभ से मुख्य बाजार होते हुए गुढ़ चौराहा, जेपी मोड़, रतहरा और चोरहटा चौराहा, रात के समय इन वाहनों की चपेट में रहते हैं। सबसे अधिक रेत शहडोल और सीधी की ओर से, जबकि गिट्टी से भरे ट्रक सतना की दिशा से शहर में प्रवेश कर रहे हैं। शहर के भीतर से होकर गुजरने वाली ये गाड़ियां यातायात को पंगु बना रही हैं।बॉक्स न गश्त, न रोक-टोक, कानून तोड़ने की खुली छूटसवाल यह है कि जब नो-एंट्री का आदेश पहले से लागू है तो फिर इन वाहनों की निगरानी कौन कर रहा है, हकीकत यह है कि रात के समय ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी नगण्य है। शहर के प्रमुख चौराहों और नो-एंट्री प्वाइंट्स पर न कोई चेकिंग होती है और न ही गश्त इस स्थिति का फायदा उठाकर वाहन चालक धड़ल्ले से नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। ट्रैफिक विभाग, पुलिस और नगर निगम तीनों विभागों में तालमेल का घोर अभाव है। नतीजा यह है कि जिम्मेदारी सब पर है लेकिन जवाबदेही कोई नहीं ले रहा।बॉक्स दुर्घटनाओं की आशंका, जनता डरी-सहमीभारी वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार और अधिक भार के कारण दुर्घटनाएं कभी भी हो सकती हैं। कई बार यह वाहन छोटे वाहन चालकों को खतरनाक तरीके से ओवरटेक करते हैं या मोड़ पर नियंत्रण खो बैठते हैं। शहरवासी इस बात को लेकर आशंकित हैं कि कहीं रीवा में भी कोई बड़ा हादसा न हो जाए। हाल ही में इंदौर में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने कई लोगों की जान ले ली। इसके बावजूद रीवा में सुरक्षा को लेकर लापरवाही की तस्वीरें नहीं बदल रही हैं।

## नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ एवं तनाव मुक्त जीवन जीने का संकल्प लें उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नमो युवा रन को दिखाई हरी झण्डी



रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ रहते हुए नशे से दूर रहकर तनाव मुक्त जीवन जीने का संकल्प लेना है। सुबह जल्दी उठें, शारीरिक व्यायाम करें तदुपरांत अपने दैनिक कार्यों को तनावमुक्त होकर करें। उप मुख्यमंत्री ने नमो युवा रन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रीवा मुख्यालय में आयोजित युवा रन में हजारों की संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। एनसीसी मैदान से आरंभ हुई युवा मैराथन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुए एनसीसी मैदान में समाप्त हुई। उप मुख्यमंत्री भी नमो युवा रन में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न रचनात्मक कार्य होंगे ताकि हम सभी इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि फिट इंडिया में सभी स्वस्थ व स्फूर्तवान रहें। नमोयुवा रन के माध्यम से शहर व जिलेवासियों में यह संदेश जायेगा कि वह स्वस्थ रहने के लिये व्यायाम व दौड़ में भाग लें। शुक्ल ने दौड़ेगा रीवा दौड़ेगा भारत का नारा दिया। उन्होंने कहा कि नशे से बचाव के लिये युवा आगे आयें। स्वयं भी नशा न करें व नशे करने वालों की सूचना दें ताकि उनका नशा छुड़ाया जा सके। शुक्ल ने कहा कि जिले में नशा का कारोवार करने वाले जेल में हैं। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि युवा स्वस्थ, फिट व नशे से दूर रहें। प्रधानमंत्री की पहल है कि देश के युवा अनुशासित व नशे से दूर रहकर अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिये जागरूक करें। पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस से आरंभ सेवा पखवाड़ा में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, नमो युवा रन आदि का आयोजन उसी कड़ी में किया गया। आने वाले दिन में प्रबुद्धजनों से संवाद किया जायेगा। नमो युवा रन में प्रधानमंत्री का संदेश सुना गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के उद्देश्य से कराटे का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, रावेन्द्र मिश्रा, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र शुक्ला, शिवेन्द्र पाण्डेय, संभागीय खेल अधिकारी एम.के. धोलपुरी सहित बड़ी संख्या में शहरवासी व छात्र-छात्राएँ एवं युवा उपस्थित रहे।

## पैसों के लेनदेन को लेकर महिला की मुंह दबाकर की गई थी हत्या

### फूफा और नाबालिग गिरफ्तार, सोहागी पुलिस ने अंधीहत्या का किया खुलासा

रीवा।

जिले के सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौरा में 18 सितंबर को एक महिला की हुई सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस जघन्य अपराध में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है, जबकि तीसरा आरोपी अभी फरार है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि यह पूरी वारदात मृतका के सात वर्षीय मासूम बेटे के सामने अंजाम दी गई, जिसकी निशानदेही पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी। मृतका की पहचान 35 वर्षीय हमीदुन निशा पत्नी मुराद अली के रूप में हुई है, जो 18 सितंबर की रात अपने घर में मृत अवस्था में पाई गई थीं। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामला संदिग्ध पाया और जब पीड़िता के सात साल के बेटे से पूछताछ की गई, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। मासूम ने बताया कि उसके लोलमटी वाले फूफा दो अन्य लोगों के साथ रात में घर आए थे और मां से विवाद के बाद मारपीट की। इसी दौरान फूफा ने उसकी मां का गला और मुंह दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मासूम के बयान को गंभीरता से लेते हुए जब जांच की दिशा उस ओर मोड़ी, तो कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए मुख्य आरोपी बेचन अली पिता असगर अली, उम्र 44 वर्ष, निवासी लोलमटी थाना कोरांव, प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतका और उसका पति उससे उधार लिए गए पैसे वापस नहीं कर रहे थे। पैसे की मांग को लेकर जब वह घर पहुंचा, तो विवाद इतना बढ़ गया कि उसने गुस्से में आकर महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस घटना में उसके साथ एक नाबालिग लड़का भी शामिल था, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस का मानना है कि जल्द ही तीसरे आरोपी को भी हिरासत में ले लिया जाएगा।बॉक्स रातभर मृत मां के साथ सोता रहा मासूमघटना की क्रूरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वारदात के बाद मासूम बच्चा पूरी रात अपनी मृत मां के शव के पास कमरे में अकेला सोता रहा। सुबह जब परिजनों ने दरवाजा खुलवाकर जानकारी ली, तो बच्चे ने मां के साथ हुई घटना का ब्योरा दिया, जिससे पुलिस को अहम सुराग मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मुंह और गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई।

## दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं, जरूरत है इनका हौसला बढ़ाने की - डिप्टी सीएम

### विश्व सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



रीवा । रीवा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं हैं जरूरत है कि इनका हौसला बढ़ाया जाय। दिव्यांग बच्चे वो सब कर सकते हैं जो सामान्य इंसान करता है। उप मुख्यमंत्री ने विश्व सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। माखनलाल चतुर्वेदी संचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में, हर वर्ग के लिए कार्य किया है। उन्होंने विकलांग शब्द की जगह दिव्यांग कहकर इन्हें समाज में सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर अपनी सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि सांकेतिक भाषा के सृजनकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं जिससे इस भाषा ने मूक बधिरों को आत्मनिर्भर बनाते हुए समानता से जीने का अधिकार दिया। प्रधानमंत्री जी आत्मनिर्भर भारत के तहत सांकेतिक भाषा के लिए सतत प्रयासरत हैं। मिश्र ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन्हें समाज के किसी भी क्षेत्र में पिछड़ने न दिया जाय। कार्यक्रम में मूक बधिर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गयीं। दुबई में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता रहे दिव्यांग खिलाड़ी जयदीप सिंह व रोहित चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया। दिव्यांग बच्चों ने प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन और सेवा पखवाड़ा मनाये जाने के उपलक्ष्य में केक काटकर अतिथियों तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्रो. जयराम शुक्ला, राजेश पाण्डेय, सतीश सिंह सहित विन्ध्य बधिर संगठन के सदस्य तथा दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

## बीस दिन से लापता युवक की परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका, पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



रीवा।

चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुइया निवासी ओमप्रकाश कोल का 20 वर्षीय बेटा किशन कोल बीते 30 अगस्त से लापता है। परिजनों ने अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर बेटे की बरामदगी के लिए गुहार लगाई है। पीड़ित परिजन ने बेटे की गुमशुदगी को लेकर अनहोनी की आशंका जताई है और मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

ओमप्रकाश कोल ने बताया कि उनका बेटा किशन कोल रोज की तरह मजदूरी के लिए घर से निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। पहले तो उन्होंने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहाँ उसकी तलाश की, लेकिन जब कहीं भी कोई पता नहीं चला तो चोरहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़ित पिता ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि किशन घटना के दिन ग्राम डिहीया (थाना बैकुंठपुर क्षेत्र) में एक युवती से मिलने गया था। परिजनों का आरोप है कि वहाँ युवती के घरवालों ने किशन के साथ मारपीट की थी। इसके बाद से ही किशन का कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों को आशंका है कि किशन के साथ कोई गंभीर घटना घटित हो सकती है। बीस दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। न ही बेटे का कोई सुराग लगा है, थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बावजूद जब कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो पीड़ित परिवार रीवा स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचा। उन्होंने एक लिखित आवेदन सौंपते हुए बेटे की तलाश में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की मांग की है।

## मऊगंज कलेक्टर ने बिलौही जल प्रपात का किया निरीक्षण

# सड़क निर्माण और सौंदर्यीकरण की मांग हुई तेज



मऊगंज

जिले का सबसे गहरा और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर बिलौही जलप्रपात चर्चा में है जिले के कलेक्टर संजय कुमार जैन स्वयं यहां पहुंचे और जलप्रपात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि जलप्रपात तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण की दिशा में काम किया जाएगा, ताकि पर्यटक यहां आसानी से पहुंच सकें।स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से बिलौही जलप्रपात के सौंदर्यीकरण की भी मांग उठाई। उनका कहना है कि यदि इस स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए तो यह न केवल जिले बल्कि पूरे विंध्य क्षेत्र का आकर्षण बन सकता है।बिलौही जलप्रपात जिले का सबसे गहरा जलप्रपात माना जाता है। यहां से लगभग एक किलोमीटर आगे कूड़ा के किनारे प्राचीन गढ़ी स्थित है और उसके ठीक सामने जुड़ा नाला जलप्रपात भी मौजूद है। प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर का यह संगम इस क्षेत्र मे पर्यटन की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। कलेक्टर की पहल और स्थानीय जनता की मांगों के बाद अब यह उम्मीद बढ़ी है कि आने वाले समय में बिलौही जलप्रपात पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होकर जिले के लिए नई पहचान बनेगा।

# मऊगंज में आयोजित हुई साइकिल रैली



मऊगंज

जिला मुख्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत फिट इंडिया अभियान अन्तर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। फिटनेस का डोज, आधा घण्टा रोज अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष श्री बृजवासी पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। साइकिल रैली शहीद केदारनाथ महाविद्यालय से आरंभ होकर कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि साइकिल चलाने से तन और मन स्वस्थ रहता है तथा पर्यावरण भी स्वच्छ होता है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों व आम नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखना चाहिए। लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सभी के प्रयासों से मऊगंज को स्वच्छ जिला बनाने का संकल्प लिया गया है। साइकिल रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।